कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website:
www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.05.2026

//प्रेस विज्ञप्ति//

"अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस एवं बोरे बासी दिवस का आयोजन"

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटनकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में IQAC, समाजशास्त्र एवं गृहविज्ञान विभाग के तत्वाधन एवं प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस एवं बोरे बासी दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर डॉ. रेशमा लाकेश ने अपने उद्बोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ कि परम्परा और मेहनतकश जीवन का स्वाद लोकसंस्कृति, श्रम और सादगी का उत्तम प्रतीक अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस एवं बोरे बासी दिवस है।

डॉ. मोनिया राकेश सिंह, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने कहा कि श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों, समाजिक न्याय और बेहतर कामकाजी परिस्थियों के लिए संकल्प लेना है।

श्रीमति ज्योति भरणे ने बोरे बासी को छत्तीसगढ़ी किसान एवं मजदूर वर्ग का मुख्य भोजन बताया और कहा कि, यह रात के बचे चावल को पानी में भिगोकर बनाया जाता है। यह शरीर को टंडा रखने, पानी की कमी से बचाने, पाचन सुधारने और लू से सुरक्षा प्रदान करने में बहुत लाभकारी होता है। इसमें कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम और विमाटिन बी 12 जैसे पोषक तत्व कि भरपूर मात्रा में होते है। ततूपश्चात प्राध्यापको एवं छात्राओं ने बोरे बासी का आचार और प्याज के साथ आनंद लिया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।



प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)